उत्तर प्रदेश: सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों के लिये अनुकूल

चर्चा में क्यों?

एक बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की प्रस्तावित **सेमीकंडक्टर नीति 2024** पर आधारित प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये।

मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर **विनिर्माण उद्योगों में उन्नति के साथ-साथ** उच्च दक्षता वाले उपकरणों जैसे **स्मार्टफोन, कंप्यूटर और चिकित्सा संबंधित उपकरणों** में के लिये महत्त्वपूर्ण है।
  - यह **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**, **इंटरनेट ऑफ थिंग्स और** क्वांटम कंप्यूटिंग **में नवाचार** को भी बढ़ावा देता है।
- यह **राज्य की आर्थिक वृद्धि** और नवाचार में योगदान देगा तथा रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाते हुए पर्याप्त रोज़गार के अवसर भी उत्पन्न करेगा।
- **युवाओं को सेमीकंडक्टर निर्माण में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये** मुख्यमंत्री ने **राज्य के दो IIT सहित तकनीकी संस्थानों** में ऐसे पाठ्यक्रमों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा।
  - **सेमीकंडक्टर उद्योगों में CM इंटर्नशिप कार्यक्रम** के तहत **युवाओं के लिये दो वर्ष के प्रशिक्षण की व्यवस्था** की जानी चाहिये।
- **सेमीकंडक्टर चिप क्षेत्र** ने पिछले दो वर्षों में **500 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक निवेश करने की योजना की घोषणा की है।**
  - सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिये, **भारत सरकार ने 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रोत्साहन परिव्यय प्रदान करने का निर्णय लिया है।**
- **सीएम का सुझाव है** कि नीति में **वैश्विक सेमीकंडक्टर निवेशकों को आकर्षित करने के लिये वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के वितरण के प्रावधान शामिल होने चाहिये।**
  - ऐसा करने वाला **उत्तर प्रदेश देश का चौथा राज्य** होगा।
- नई नीति में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पूंजी के अलावा **अतिरिक्त पूंजी निवेश** भी शामिल होना चाहिये।
  - **भूमि की खरीद/पट्टे पर स्टाम्प शुल्क में छूट** का भी प्रावधान होना चाहिये।
- **नीति में** विद्युत शुल्क में छूट, ड्यूल पावर ग्रिड नेटवर्क ट्रांसमिशन एवं वीहीलिंग शुल्क, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण, पेटेंट, जल आपूर्ति, पावर बैंकिंग, अनुसंधान और विकास सहायता हेतु **प्रावधान किये जाने चाहिये।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-favourable-for-semiconductor-manufacturing-units